# के के गुप्ता ने स्वच्छ भारत अभियान के अनुभव साझा किया



के के गुप्ता

**उदयपुर,** । उदयपुर में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर सामने आया है। मेवाड जनशक्ति दल एवं ज्ञान ज्योति निशुल्क कोचिंग संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में एक करियर काउंसलिंग एवं मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन मेवाड जनशक्ति दल के संस्थापक नरेश कुमार शर्मा के निर्देशन में शनिवार को नगर निगम सभागार में सम्पन्न हुआ।
कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वच्छ भारत मिशन के कोऑर्डिनेटर के के गुप्ता ने शिरकत की, जबकि मुख्य वक्ता के रूप में आईएएस अभिषेक खन्ना कमिश्नर नगर निगम, उदयपुर, हिमांशु सिंह राजावत पुलिस विभाग एवं ज्ञान ज्योति निशुल्क कोचिंग संस्थान के निदेशक राहुल कुमार ने युवाओं को मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम आईएएस अभिषेक खन्ना ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है, कडी मेहनत द्वारा ही सफलता को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने अपने जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने एक छोटे से गांव से निकलकर उदयपुर नगर निगम कमिश्नर के पद पर पहुंचे। हिमांशु सिंह राजावत ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए संपूर्ण डीवोएशन और डेडीकेशन की आवश्यकता होती है। संगठन के संरक्षक एक जैन ने निशुल्क लाइब्रेरी की घोषणा की और कहा कि जल्द ही उदयपुर में एक निशुल्क लाइब्रेरी की शुरुआत करेंगे। मुख्य अतिथि के के गुप्ता ने देश में चल रहे स्वच्छ भारत अभियान के अनुभव साझा किया। कैसे किन प्रयासों से 10 साल में डूंगरपुर में नगर परिषद सभापति रहते हुए जिले को देश का सबसे स्वच्छ और साफ और सुंदर शहर बना डाला।

# गीतांजली में नेशनल लेवल की कार्यशाला

**उदयपुर,** । गीतांजली मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल के स्त्री एवं प्रसूति रोग विभाग द्वारा मेवाड क्षेत्र की पहली राष्ट्रीय स्तरीय कार्यशाला का आयोजन में एंडोस्कोपी, (प्रोटोकॉल-आधारित क्लीनिकल स्किल्स), और (प्रसवोत्तर रक्तस्त्राव) जैसे महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तृत सत्र आयोजित किए गए। कार्यशाला में देशभर से प्रतिष्ठित चिकित्सकों, मेडिकल शिक्षकों एवं छात्रों ने भागीदारी दर्ज कराई।

कार्यक्रम के शुभारंभ पर मुख्य अतिथियों में की पश्चिम क्षेत्र उपाध्यक्ष डॉ. कोमल चव्हाण, गीतांजली मेडिकल कॉलेज की डीन डॉ. संगीता गुप्ता, सचिव डॉ. प्रदीप बंदवाल, जयपुर की विभागाध्यक्ष डॉ. लीला व्यास, कार्यशाला की अध्यक्षा डॉ. मधुबाला चौहान, सह-अध्यक्षा डॉ. अंजना वर्मा तथा वैज्ञानिक समिति की अध्यक्षा डॉ. नलिनी शर्मा शामिल रहीं।



गीतांजली में नेशनल लेवल की कार्यशाला का आयोजन हुआ।

■ कार्यशाला में देशभर से प्रतिष्ठित चिकित्सकों, मेडिकल शिक्षकों एवं छात्रों ने भागीदारी दर्ज कराई।

कार्यशाला में डॉ अर्चना शर्मा, डॉ अनुपमा हाडा, डॉ शब्दिका कुलश्रेष्ठ का भी महत्वपूर्ण योगदान रहा। इस अवसर पर डिवीजनल कमिश्नर प्रज्ञा केवलरमानी ने मुख्य अतिथि के रूप में सहभागिता की। उन्होंने गीतांजली हॉस्पिटल द्वारा की जा रही चिकित्सकीय सेवाओं और प्रशिक्षण प्रयासों की सराहना करते हुए इस प्रकार की शैक्षणिक कार्यशालाओं को नियमित रूप से आयोजित करने की आवश्यकता पर बल दिया। कार्यशाला का उद्देश्य वर्तमान में स्त्री एवं प्रसूति रोग चिकित्सा में प्रयोग हो रही नवीनतम तकनीकों की जानकारी साझा करना और रेजिडेंट डॉक्टर्स को व्यावहारिक अनुभव उपलब्ध कराना था। एंडोस्कोपी एवं लैप्रोस्कोपी जैसे क्षेत्रों में हो रहे आधुनिक नवाचारों पर विशेष चर्चा की गई, साथ ही मातृ मृत्यु दर को कम करने के लिए अपनाए जाने वाले प्रोटोकॉल्स और इमरजेंसी रिस्पॉन्स पर भी विचार-विमर्श हुआ। कार्यशाला का समापन डॉ. अंजना वर्मा द्वारा प्रस्तुत धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ। गीतांजली मेडिकल कॉलेज एवं हॉस्पिटल द्वारा आयोजित यह कार्यशाला चिकित्सा शिक्षा की गुणवत्ता, अनुसंधान, और व्यावहारिक दक्षता को सशक्त बनाने की दिशा में एक सफल एवं प्रेरणादायक प्रयास साबित हुई।

# कड़ी मेहनत से ही हासिल होती है सफलता: आईएएस अभिषेक खन्ना

**उदयपुर,** । उदयपुर में प्रतियोगी परीक्षा की तैयारी कर रहे युवाओं के लिए एक महत्वपूर्ण अवसर सामने आया है। मेवाड़ जनशक्ति दल एवं ज्ञान ज्योति निशुल्क कोचिंग संस्थान के संयुक्त तत्वाधान में एक भव्य करियर काउंसलिंग एवं मोटिवेशनल सेमिनार का आयोजन मेवाड़ जनशक्ति दल के संस्थापक नरेश कुमार शर्मा के निर्देशन में शनिवार को नगर निगम सभागार में सम्पन्न हुआ।

इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में स्वच्छ भारत मिशन के कोऑर्डिनेटर के के गुप्ता ने शिरकत की जबकि मुख्य वक्ता के रूप में आईएएस अभिषेक खन्ना कमिश्नर नगर निगम,उदयपुर, हिमांशु सिंह राजावत पुलिस विभाग एवं ज्ञान ज्योति निशुल्क कोचिंग संस्थान के निदेशक राहुल कुमार ने युवाओं को मार्गदर्शन प्रदान किया। कार्यक्रम में आईएएस अभिषेक खन्ना ने कहा कि सफलता का कोई शॉर्टकट नहीं होता है, कड़ी मेहनत द्वारा ही सफलता को हासिल किया जा सकता है। उन्होंने अपने जीवन के अनुभवों को साझा करते हुए बताया कि कैसे उन्होंने एक छोटे से गांव से निकलकर उदयपुर नगर निगम कमिश्नर के पद पर पहुंचे। हिमांशु सिंह राजावत ने कहा कि किसी भी क्षेत्र में सफलता प्राप्त करने के लिए संपूर्ण डीवोएशन और डेडीकेशन की आवश्यकता होती है।

# डाक विभाग में आईटी 2.0 एप्लिकेशन का रोलआउट 21 से

**उदयपुर,** । डाक विभाग में अगली पीढ़ी के एपीटी एप्लिकेशन का रोलआउट किया जा रहा है, जो डिजिटल उत्कृष्टता और राष्ट्र निर्माण की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। इस परिवर्तनकारी पहल के अंतर्गत, उन्नत प्रणाली को उदयपुर, राजसमंद एवं सलूम्बर जिलों के सभी डाकघरों में 21 जुलाई 2025 को लागू किया जाएगा।

प्रवर अधीक्षक डाकघर उदयपुर मंडल अक्षय भानुदास गाडेकर ने बताया कि इस उन्नत डिजिटल प्लेटफॉर्म पर निर्बाध और सुरक्षित रूपांतरण सुनिश्चित करने के लिए 21 जुलाई को एक नियोजित डाउनटाइम निर्धारित किया गया है। उक्त तिथि को डाकघरों में कोई भी सार्वजनिक लेन-देन नहीं किया जाएगा। यह अस्थायी सेवा स्थगन डेटा माइग्रेशन, सिस्टम वैलिडेशन एवं कॉन्फ़िगरेशन प्रक्रियाओं को संपन्न करने हेतु आवश्यक है, जिससे नई प्रणाली का सफलतापूर्वक क्रियान्वयन सुनिश्चित हो सके। एपीटी एप्लिकेशन को उपयोगकर्ता अनुभव को बेहतर बनाने, सेवाओं को तीव्रता से प्रदान करने. तथा एक अधिक ग्राहक-अनुकूल इंटरफेस के साथ विकसित किया गया है. जो स्मार्ट, कुशल और भविष्य-उन्मुख डाक सेवाएं प्रदान करने की प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# 'देश को समृद्ध, विकसित एवं विश्व गुरु बनाने से पहले स्वच्छ भारत बनाना होगा'

■ डूंगरपुर नगर परिषद के पूर्व सभापति के के गुप्ता ने राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण में पुरस्कार जीतने के लिए शुभकामनाएं दी

■ गुप्ता ने कहा कि उनके कार्यकाल में नगरवासियों के सहयोग से उन्होंने स्वच्छता का जो पोधा रौपा था आज वह वटवृक्ष बनकर फल दे रहा है।

**उदयपुर/ डूंगरपुर, (निसं)।** राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण में लगातार पाँचवीं बार पुरस्कार जीतकर और प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के विजन का शहर बन दक्षिण आदिवासी अंचल का ऐतिहासिक डूंगरपुर नगर देश में चर्चित हो रहा है। राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन (ग्रामीण) के राजस्थान प्रदेश समन्वयक और डूंगरपुर नगर परिषद के पूर्व सभापति के के गुप्ता ने राष्ट्रीय स्वच्छता सर्वेक्षण में लगातार पांचवीं बार पुरस्कार जीतने के लिए डूंगरपुर नगर परिषद की टीम और डूंगरपुर शहरवासियों को शुभकामनाएँ दी। गुप्ता ने कहा कि उनके कार्यकाल में नगरवासियों के सहयोग से उन्होंने स्वच्छता का जो पोधा रौपा था आज वह वटवृक्ष बनकर फल दे रहा है।

नई दिल्ली में राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू ने कम आबादी वाले शहरों की श्रेणी में सुपर लीग सिटी पुरस्कार से सम्मानित किया है। गुप्ता ने कहा कि डूंगरपुर और इंदौर की तरह स्वच्छता के लिए हर शहर वासियों को स्वच्छता को जन आंदोलन बनाना चाहिए। शहर का कोई व्यक्ति खुले में कचरा ना डालें , 365 दिन नियमित गीला एवं सूखा कचरा अलग-अलग टाइम बाउंड उठना चाहिए तथा शहर का छोटा हो या बडा व्यक्ति को स्वच्छता की ताकत को समझना चाहिए वह स्वयं तो कचरा न डाले परंतु आमजन को भी खुले में कचरा ना डालने दें, यह विजन पैदा करने की आवश्यकता है। यह कार्य डूंगरपुर वासियों एवं शहर में पढ़ने वाले बच्चों ने पूरे देश को करके दिखाया है। यहां यह भी आवश्यक है कि जनसंख्या स्वच्छता को प्रभावित नहीं करती है आज राजस्थान में डूंगरपुर से भी छोटी निकाय एवं मध्य प्रदेश की इंदौर निकाय जिसकी जनसंख्या 28.71 लाख होने के बाद भी देश के लिए लगातार स्वच्छता सर्वेक्षण में अव्वल आना कोई साधारण बात नहीं है। देश के प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा बार-बार स्वच्छता का संदेश तथा ताकत का वर्णन करना किसी विकसित देश के हर नागरिक को सोचने को मजबूर करता है। उन्होंने हर सप्ताह दो घंटे तथा प्रतिवर्ष 100 घंटा स्वच्छता के लिए कार्य करने का आग्रह किया। देश को समृद्ध, विकसित भारत एवं विश्व गुरु बनाने से पहले स्वच्छ भारत बनाना होगा। गुप्ता ने कहा है कि जो शहर स्वच्छता में सम्मानित हुए हैं उनके अंदर भारी उत्साह एवं उमंग है और कुछ शहरों में स्वच्छता सर्वेक्षण में आगे आने का उत्साह है। गुप्ता ने बताया कि भारत में स्वच्छता में इमरजेंसी को लागू करने की भी आवश्यकता है आज शहरों में निकायों एवं ग्रामीण स्तर पर पंचायतों प्राथमिक दायित्व स्वच्छता है। लेकिन दुर्भाग्य से यह मात्र कागजों में ही चमक रही है। यहां यह आवश्यक है गंदगी फैलाने वाले लोगों पर भारी आर्थिक दंड लगाने का कानून बनाने के साथ-साथ सरकार एवं नागरिकों को मिलकर स्वच्छता पर काम करने की आवश्यकता है तथा सरकार द्वारा अधिकारियों एवं जनप्रतिनिधियों पर नैतिक दबाव भी आवश्यक है।

# लेकसिटी प्रेस क्लब : पत्रकारों ने लिया पेड़ लगाने का संकल्प

**उदयपुर,** । शेड्स ऑफ़ उदयपुर एवं अरावली हॉस्पिटल के संयुक्त प्रयास से चल रहे 'प्लांट विथ प्राइड' अभियान के अंतर्गत '100 वृक्ष - 100 संस्थान' पहल से शनिवार को लेकसिटी प्रेस क्लब भी जुड़ा और पत्रकारों ने पेड़ लगाने का संकल्प लिया।शनिवार दोपहर 1.30 बजे प्रेस क्लब में आयोजित कार्यक्रम में क्लब से जुड़े पत्रकारों को पेड़ों का वितरण कर उन्हें सरंक्षित रखने का संकल्प लिया गया। अरावली ग्रुप के निदेशक आनंद गुप्ता के मुख्य आतिथ्य में आयोजित इस कार्यक्रम में पेड़ो की महत्ता बताई गई। कार्यक्रम संयोजक गगन शर्मा ने बताया कि अभियान में सतत रूप से कार्य किया जा रहा है।

# हादसे में श्रमिक की मौत

**उदयपुर,** । प्रतापनगर थाना क्षेत्र में अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवचार श्रमिक की मौत हो गई। पुलिस से प्राप्त जानकारी केअनुसार शनिवार सवेरे प्रतापनगर थानाक्षैत्र पुलिया पर अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक सवार ईटावा युपी हाल पुराना आरटीओं निवासी राजमल जाटव पुत्र विजय सिंह जाटव की मौत हो गई।

राजमल पेटंर का काम करता था एवं सवेरे बाइक पर अपने साथी के साथ प्रतापनगर से सविना की तरफ जा रहा था। जहां बीच रास्ते में पिछे से आए अज्ञात वाहन ने बाइक को टक्कर मार दी थी। जिससे वह गंभीर घायल हो गया था। इस पर साथी उसे उपचार के लिए एमबी चिकित्सालय ले गया जहां उसकी मौत हो गई। सूचना मिलने पर हेडकांस्टेबल अखिलेश ने मृतक का पोस्टमार्टम करवा शव परिजनों को सौंप दिया।


## कार्यालय ग्राम पंचायत बस्सी सामचोत पंचायत समिति सलूम्बर

क्रमांक:-पं.स.स/एसबीएम/2025-26 दिनांक-18/07/2025

**निविदा सूचना संख्या 05/2025-26**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तीय वर्ष 2025-26 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गांवो की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जी.एस.टी.पंजीकृत, राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970 कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 एवं कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत नियमानुसार पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मो से निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा फार्म/ शर्ते SPPP पोर्टल/ कार्यालय में उपलब्ध है। ग्राम पंचायतवार आमंत्रित निविदाओं के यूबीएन नम्बर:- ZUD2526SSLBO1284

प्रशासक
ग्रा.पं.बस्सी सामचोत
पं.स.सलूम्बर, जिला उदयपुर

ग्राम विकास अधिकारी
ग्रा.पं.बस्सी सामचोत
पं.स.सलूम्बर, जिला उदयपुर


# कलक्टर पहुंचे नगर निगम,स्वच्छता सर्वेक्षण में उदयपुर की उपलब्धि पर थपथपाई पीठ

**उदयपुर,** । जिला कलक्टर एवं नगर निगम के प्रशासक नमित मेहता शनिवार दोपहर नगर निगम पहुंचे। यहां उन्होंने स्वच्छता सर्वेक्षण में उदयपुर की देश में 13वीं रैंक आने पर पूरी टीम को बधाई देते हुए आने वाले वर्षों में और बेहतर कार्य के लिए प्रेरित किया। जिला कलक्टर के निगम पहुंचने पर आयुक्त अभिषेक खन्ना ने अगवानी की। बोर्ड बैठक सभागार में जिला कलक्टर ने स्वच्छता अभियान से जुड़े कार्मिकों की बैठक ली। उन्होंने उदयपुर में स्वच्छता के क्षेत्र में टीम की ओर से किए गए प्रयासों के लिए भूरी-भूरी प्रशंसा की। उन्होंने कहा कि विश्व भर से पर्यटक उदयपुर आते हैं। शहर साफ सुधरा होगा तो निश्चित रूप से हमारी अच्छी छवि लेकर जाएंगे। इसलिए स्वच्छता बहुत जरूरी है। सामूहिक प्रयासों से उदयपुर ने इस बार स्वच्छता सर्वेक्षण में उत्कृष्ट प्रदर्शन किया, लेकिन यह पर्याप्त नहीं है। उन्होंने क्रिकेटर भारतरत्न सचिन तेंदुलकर और लगातार 9 वर्षों से देश के सबसे स्वच्छ शहर का खिताब पाने वाले इंदौर शहर का उदाहरण देते हुए कहा कि प्रदर्शन में निरंतरता ही किसी को महान बना सकती है।


**नाम परिवर्तन**

मैं प्रिया जैन W/O गजेन्द्र कुमार चोरडिया निवासी कांकरोली राजसमंद अपना नाम बदलकर प्रिया चोरडिया रख लिया है। भविष्य में मुझे इसी नाम से जाना जावे।



**अनुसंधान निदेशालय**
**महाराणा प्रताप कृषि एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय**
राजस्थान कृषि महाविद्यालय परिसर, उदयपुर
फोन: 0294-2417334, 2420447 फैक्स: 0294-2420447 (O) Email: dormpuat@gmail.com

क्रमांक: मप्रकृप्रौविवि/Tender/2025-26/1607 **निविदा सूचना** दि. 19.07.2025

अनुसंधान निदेशालय, मप्रकृप्रौविवि, उदयपुर की ओर से निम्न खुली निविदा निम्नानुसार आमंत्रित की जाती है। निविदा से सम्बन्धित समस्त विवरण वेबसाइट (sppp.rajasthan.gov.in and www.mpuat.ac.in) पर देखी जा सकती है। भविष्य में निविदा में संशोधन होने पर उपरोक्त वेबसाइटों पर ही प्रेषित किया जावेगा।

| निविदा संख्या | आमन्त्रित करने की दिनांक एवं समय |
|---|---|
| MPUAT/Store/2025/1584 UBN. ATU2526A0111 / ATU2526SSOB00150 | 25.07.2025 at 12.30 PM |
| DOR/NIT/2025-26/1587 UBN. ATU2526A0110 / ATU2526GSOB00149 | 25.07.2025 at 12.30 PM |

निदेशक अनुसंधान


# पीएमसीएच और रिहैबिलिटेशन काउंसिल ऑफ इंडिया की ओर से राष्ट्रीय कॉफ्रेंस

**उदयपुर,** । मानसिक स्वास्थ्य जैसे संवेदनशील और सामाजिक महत्त्व के विषय पर एक सार्थक संवाद की पहल करते हुए पेसिफिक मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल और रिहैबिलिटेशन काउंसिल ऑफ इंडिया के संयुक्त तत्वावधान में दो दिवसीय राष्ट्रीय कॉफ्रेंस का आयोजन किया ।

राष्ट्रीय कॉफ्रेंस का उद्घाटन उदयपुर की डिविजनल कमिश्नर प्रज्ञा केवल रमानी, पीएमयू के प्रेसिडेंट डॉ.एम.एम.मंगल, पीएमसीएच के प्रिंसिपल डॉ.यू.एस. परिहार,क्लीनिकल साइकोलॉजी के हेड एवं कॉफ्रेंस के चेयरपर्सन डॉ.दीपक साल्वी , कॉफ्रेंस की सेकेटरी प्रेरणा शर्मा,डॉ.सुनीति अमरावत, स्वप्न चंदेल एवं उन्य कमेटी मेम्बर ने गणपति के समक्ष दीप प्रज्वल्लन करके किया। पीएमसीएच के चेयरमेन राहुल अग्रवाल ने आयोजन को मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में एक क्रांतिकारी कदम बताया। उद्घाटन के इस मौके पर क्लीनिकल साइकोलॉजी के हेड एवं कॉफ्रेंस के चेयरपर्सन डॉ.दीपक सालवी ने कहा कि यह कॉफ्रेंस मानसिक स्वास्थ्य को लेकर समाज में जागरूकता लाने और तकनीकी नवाचार को चिकित्सा क्षेत्र से जोड़ने का सफल प्रयास रही।

इसमें प्रस्तुत विचार, शोध और अनुभव न सिर्फ विद्यार्थियों और पेशेवरों के लिए उपयोगी रहे, बल्कि यह भविष्य में डिजिटल मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं की दिशा में एक मील का पत्थर सिद्ध होगा।

कॉफ्रेंस के सेकेटरी प्रेरणा शर्मा ने कहा कि कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य डिजिटल तकनीकों का मानसिक स्वास्थ्य सेवाओं में बेहतर उपयोग, वर्चुअल काउंसलिंग की गुणवत्ता और व्यवहारिक व्यसनों पर वैज्ञानिक दृष्टिकोण को बढ़ावा देना था। उद्घाटन सत्र में वक्ताओं ने मानसिक स्वास्थ्य को समाज में एक मौन संकट बताया, जिसे समझना और उसका तकनीकी समाधान खोजना अत्यंत आवश्यक है। इस दौरान प्रो.(डॉ.)मनोज शर्मा ने 'डिजिटल टूल फॉर मेन्टल हैल्थ' के बारे बताया में कि मानसिक स्वास्थ्य के क्षेत्र में आज डिजिटल ऐप्स, ऑनलाइन मॉड्यूल, चौट-बेस्ड थेरेपी और एआई आधारित हेल्प टूल्स क्रांतिकारी साबित हो रहे हैं। उन्होंने इन तकनीकों की उपयोगिता, पहुंच और विश्वसनीयता को विस्तार से समझाया। साथ ही आज के युवा बड़ी संख्या में इंटरनेट, गेमिंग और सोशल मीडिया के कारण व्यवहारिक व्यसनों का शिकार हो रहे हैं। उन्होंने इससे बचाव हेतु विद्यालयों और अभिभावकों की भूमिका को रेखांकित किया। स्मृति जोशी ने कहा कि वर्चुअल काउंसलिंग आज शहरी और ग्रामीण दोनों क्षेत्रों के लिए एक व्यवहारिक समाधान बन चुका है। हालांकि तकनीकी साक्षरता और गोपनीयता इसके लिए बड़ी चुनौतियाँ हैं।


## कार्यालय ग्राम पंचायत अदकालिया पंचायत समिति सलूम्बर

क्रमांक:-पं.स.स/एसबीएम/2025-26/44 दिनांक-18/07/2025

**निविदा सूचना संख्या 05/2025-26**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत के अधीनस्थ ग्रामों में वित्तीय वर्ष 2025-26 में घर एवं व्यवसायिक प्रतिष्ठानों से कचरा संग्रहण एवं पृथक्ककरण, गांवो की सड़क एवं नाली सफाई कार्य तथा सामुदायिक स्वच्छता परिसर की सफाई कार्य की सेवाओं हेतु इच्छुक जी.एस.टी.पंजीकृत, राजस्थान अनुबंधित श्रमिक (नियमन एवं उन्मूलन) अधिनियम, 1970 कर्मचारी भविष्य निधि अधिनियम, 1952 एवं कर्मचारी राज्य बीमा अधिनियम, 1948 के अन्तर्गत नियमानुसार पंजीकृत निविदादाताओं/फर्मो से निविदाएं आमन्त्रित की जाती है। निविदा फार्म/ शर्ते SPPP पोर्टल/ कार्यालय में उपलब्ध है। ग्राम पंचायतवार आमंत्रित निविदाओं के यूबीएन नम्बर:- ZUD2526SSLBO1282

प्रशासक
ग्रा.पं.अदकालिया
पं.स.सलूम्बर,जिला सलूम्बर

ग्राम विकास अधिकारी
ग्रा.पं.अदकालिया
पं.स.सलूम्बर,जिला सलूम्बर


# संस्कृत सप्ताह व संस्कृत सम्मेलन के पत्रक का लोकार्पण

**उदयपुर,** । संस्कृतभारती भारत सहित विश्व के 26 देशों में संस्कृत के प्रचार प्रसार का संकल्पित कार्य कर रही है। संस्कृतभारती उदयपुर की ओर से रक्षाबंधन पर आयोजित संस्कृत दिवस के उपलक्ष्य में संस्कृत सप्ताह 2025 के आयोजन की रूपरेखा घोषित कर दी गई है। सप्ताह भर चलने वाले इन आयोजनों में नगर के विभिन्न विद्यालयों, मंदिरों और संस्थानों में शैक्षणिक, सांस्कृतिक और रचनात्मक गतिविधियां होंगी। संस्कृतभारती के विभाग सह संयोजक नरेंद्र शर्मा ने बताया कि कार्यक्रमों की श्रृंखला में 5 अगस्त को निंबार्क महाविद्यालय से संस्कृति चेतना यात्रा निकाली जाएगी। 6 अगस्त को आलोक संस्थान में संस्कृत समूह गीत प्रतियोगिता होगी। 7 अगस्त को एमएमपीएस विद्यालय में संस्कृत श्लोक पाठ का आयोजन होगा। 8 अगस्त को डीपीएस स्कूल में श्लोक आधारित चित्रकला प्रतियोगिता आयोजित की जाएगी। 9 अगस्त को जगदीश मंदिर में संस्कृत रक्षार्थ रक्षा सूत्र कार्यक्रम रखा गया है। 10 अगस्त को प्रताप गौरव केंद्र पर पौधारोपण और 11 अगस्त को ऑनलाइन संगोष्ठी का आयोजन होगा।



उदयपुर में संस्कृत दिवस के उपलक्ष्य पोस्टर को मंत्री डॉ. लाल ने जारी किया।

इन आयोजनों के उपरांत 17 अगस्त को प्रात: 11 बजे संस्कृत सप्ताह का समापन समारोह आयोजित किया जाएगा। यह समारोह पेसिफिक विश्वविद्यालय, राजस्थान विद्यापीठ एवं संस्कृतभारती के संयुक्त तत्वावधान में राजस्थान विद्यापीठ के प्रतापनगर स्थित आईटी सभागार में होगा। समारोह में संस्कृत सेवा में योगदान देने वाले भामाशाहों और संस्कृति के क्षेत्र में विशिष्ट कार्य करने वाले व्यक्तियों को 'संस्कृति गौरव पुरस्कार' से सम्मानित किया जाएगा। इसके अलावा सत्र 2024-25 में बोर्ड परीक्षा के दौरान संस्कृत विषय में शत-प्रतिशत अंक प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को 'महर्षि पाणिनि पुरस्कार' प्रदान किया जाएगा। इससे पूर्व, संस्कृत सप्ताह 2025 तथा संस्कृत-सम्मेलन पुरस्कार व अलंकरण समारोह के पत्रक का लोकार्पण भी किया गया, जो गत मंगलवार जयपुर में कृषि मंत्री किरोडीलाल मीणा, राजस्थान विद्यापीठ के कुलपति प्रो. कर्नल शिव सिंह सारंगदेवोत एवं राष्ट्रीय सेवा भारती के प्रकाशन प्रमुख मूलचंद सोनी की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।


## कार्यालय ग्राम पंचायत पानेर पंचायत समिति सायरा जिला उदयपुर ( राज. )

क्रमांक: ग्रा.पं.पा./निविदा/2025-26/24 दिनांक:- 19.07.2025

**-: ई निविदा सूचना- 01/2025-26 :-**

इस ग्राम पंचायत में DMFT योजनान्तर्गत स्वीकृत कार्य राजकिय उच्च माध्यमिक विद्यालय पानेर में 2 कमरों का निर्माण कार्य हेतु UBN No ZUD2526WSOB01200 के माध्यम से ई निविदाएं आमंत्रित की जाती है। विस्तृत विवरण/जानकारी sppp.rajasthan.gov.in व eproc.rajasthan.gov.in पर देखी जा सकती है।

प्रशासक
ग्राम पंचायत पानेर
प.स. सायरा जि. उदयपुर ( राज. )

ग्राम विकास अधिकारी
ग्राम पंचायत पानेर
प.स. सायरा जि. उदयपुर ( राज. )



राजस्थान-सरकार

## कार्यालय सदस्य सचिव राज. मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी

राजकीय सैटेलाईट चिकित्सालय वल्लभनगर, जिला उदयपुर जिला उदयपुर

फोन नं- 02957 Email chc.vallabhnagar@yahoo.com

क्रमांक/एनआरएचएम/लेखा/खुली निविदा/2025-26/104 दिनांक: 19.07.2025

**-: खुली निविदा सूचना :-**

सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि राजकीय सेटेलाईट चिकित्सालय वल्लभनगर जिला उदयपुर पर वित्तीय वर्ष 2025-26 के लिये निम्नांकित मानव संसाधन एवं सफाई व्यवस्था मय सफाई सामग्री आपूर्ति एवं अन्य कार्यो हेतु निर्धारित निविदा प्रपत्र में संवेदको/सेवा प्रदाता ऐजेन्सी से निम्नानुसार मोहर बन्द निविदायें आमंत्रित की जाती है। निविदा के नियम एवं शर्ते, विवरण निविदा प्रपत्र में अंकित है। निविदा प्रपत्र किसी भी कार्य दिवस के कार्यालय समय में प्राप्त किया जा सकता है। निविदा सुचना www.sppp.rajasthaj.gov.in पर देखी जा सकती है एवं निविदा प्रपत्र उक्त पोर्टल से डाउनलोड भी किये जो सकते है, निविदा को बिना कारण बताये निरस्त/स्थगित करने का अधिकार अद्योहस्ताक्षरकर्ता का होगा।

UBN No. MHS2526SSOB02912,
MHS2526SSOB02913
MHS2526SSOB02914
MHS2526SSOB02915
MHS2526SSOB02916

सदस्य सचिव
राजस्थान मेडिकेयर रिलीफ सोसायटी
सैटेलाईट चिकित्सालय वल्लभनगर, उदयपुर